महंत अवेद्यनाथ पैरामेडिकल कॉलेज में विद्यार्थियों को 'स्क्लेरल कॉन्टैक्ट लेंसेस' विषय पर सम्बोधित करते हुए मोहम्मद तहसीन रजा खान

दिनांक : 22 नवम्बर, 2024 को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित महंत अवेद्यनाथ पैरामेडिकल कॉलेज के ऑप्टोमेट्री विभाग में व्यावहारिक प्रशिक्षण का आयोजन हुआ। संकाय में मुख्य प्रशिक्षक के तौर पर 'मोहम्मद तहसीन रजा खान' (कंसल्टेंट ऑप्टोमेट्रिस्ट एवं कॉन्टैक्ट लेंस प्रैक्टिशनर, दिल्ली) उपस्थित रहें। उनके द्वारा 'स्क्लेरल कॉन्टैक्ट लेंसेस' विषय पर गहन चर्चा की गई। विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित इस संगोष्ठी में स्क्लेरल कॉन्टैक्ट लेंसेस के विशेषज्ञ ने मरीजों के दृष्टि संबंधित विकारों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारियां साझा की।

उनके द्वारा नेत्र संबंधित बीमारियां जैसे कैरेटोकोनस, स्टीवन जॉनसन सिंड्रोम, पोस्ट आर. के इकटसिया, पोस्ट इंटेक्स, हिल्ड कॉर्नियल परफोरेशन इत्यादि बीमारियों के कारणवश होने वाली दृश्य तीक्ष्णता के बारे में जानकारी साझा की वह साथ ही यह भी बताया कि स्क्लेरल कॉन्टैक्ट लेंसेस को उपचारात्मक प्रयोजन वह साथ ही विजन रिहैबिलिटेशन के रूप में इस्तेमाल कर सकते हैं। उनके द्वारा विद्यार्थियों को ऐसे कई उदाहरण दिए गए जिसमें कीरेटोकोनस (कॉर्निया का शंकवाकार आकार होना) होने के कारणवश विजुअल एक्यूटी कम उमजतम हो गई थी परन्तु स्क्लेरल कॉन्टैक्ट लेंस के उपचार से उस मरीज की विजुअल एक्यूटी 6/18क तक बढ़ी। कार्यक्रम में कुल 63 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के उपरांत ऑप्टोमेट्री विभाग के असिस्टेंट प्रोफ़ेसर कुंवर अभिनव सिंह राठौड़ ने स्क्लेरल कॉन्टैक्ट लेंस के प्रशिक्षक द्वारा विद्यार्थियों से अपनी आंखों पर कॉन्टैक्ट लेंस लगाने का प्रशिक्षण दिलवाया। कार्यक्रम में स्वागत भाषण संस्थाध्यक्ष श्री रोहित कुमार श्रीवास्तव जी द्वारा दिया गया व धन्यवाद ज्ञापन ऑप्टोमेट्री विभाग की प्रवक्ता सुश्री सुप्रिया गुप्ता द्वारा दिया गया।